संख्या–cm-218
27/05/2022

मुख्यमंत्री ने ककोलत जलप्रपात का किया भ्रमण, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 27 मई, 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज नवादा जिला अंतर्गत ककोलत जलप्रपात का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान वन विभाग के अधिकारियों से वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पवित्र और रमणिक स्थल है। यहां बड़ी संख्या में लोग आते हैं और उन्हें यहां अच्छा महसूस होता है। उन्होंने यहां के सौंदर्यीकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नीचे से ऊपर जलप्रपात तक जाने के लिए एक्सीलेटर लगाने की व्यवस्था करें। इसके नीचे वाले परिसर में लोगों के खाने–पीने, रहने एवं शौचालय की व्यवस्था एक ही जगह पर करें। साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दें। जलप्रपात से आने वाले जल की सफाई की भी व्यवस्था रखें। जलप्रपात को सुसज्जित एवं आकर्षक बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कार्य करें।

भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री विनय कुमार, नवादा की जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह, नालंदा के जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर और नवादा के पुलिस अधीक्षक श्री गौरव मंगला सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

भ्रमण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि ककोलत जलप्रपात के विकास कार्य को देखने हम आए हैं। पहले भी हम निर्देश देकर गए थे, आज उसी की प्रगति को देखने आए हैं। रास्ते में कोई दुकान वगैरह नहीं रहेगा। परिसर के अंदर ही रहने, खाने और शौचालय की व्यवस्था रहेगी ताकि पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। जब पिछली बार आए थे तो इन सब कामों के लिए लोगों से भी राय ली गई थी। यह बहुत ही पवित्र स्थल है। यहां काफी संख्या में लोग आते हैं और आज भी आए हुए हैं।

******